आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज टैक्नीकल कैम्पस,आगरा

प्रकाशनार्थ

''अनन्त पराक्रम'' के साथ शुरू हुआ आनंद कालेज का सेरीब्रम

आगरा : शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कालेज में दो दिवसीय तकनीकी, एवं सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव ''सेरीब्रम'' 2019 का रंगारंग शुभारम्भ आज दिनांक 15 मार्च को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आगरा के प्रमुख व्यवसायी श्री पूरन डाबर एवं शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमेन श्री वाई के गुप्ता जी के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

ज्ञात है कि आनंद इन्जीनियरिंग कालेज अपना 20 वाँ तकनीकी, एवं सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव **''सेरीब्रम''** 2019 दिनांक 15 एवं 16 मार्च को आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ **संस्थान के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह** के स्वागत अभिभाषण से हुआ। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों एवं प्रगति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के विकास एवं उज्वल भविष्य के लिए प्रशस्त रहा है और भविष्य में भी इसके लिए कटिबद्ध है । उन्होंने कहा की आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र आज देश विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं, इस वर्ष प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में कालेज ने अच्छा रिजल्ट प्राप्त किया है एवं विभिन्न जोनल, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में आनन्द के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करते हुये, प्रत्येक स्तर पर गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य पदक प्राप्त कर कालेज एवं अपने अभिभावकों का मान बढ़ाया।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमेन श्री वाई के गुप्ता जी ने अपने अभिभाषण में कहा कि इस वर्ष सेरीब्रम 2019 का आयोजन ''**अनन्त पराक्रम**'' अवधारणा पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों एवं सेना की बहादुरी ने एअर स्ट्राईक की सफलता से युवा पीढ़ी में सकारात्मक और देश के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न की है। सेना के सफलता ने देश की युवाओं में जोश एवं साहस का उत्साह वर्धन किया है। उन्होने कहा कि जोश वह ऊर्जा होती है जो किसी भी कार्य को मुकाम तक पहुँचने में सर्वाधिक उपयोगी होती है।

कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि श्री पूरन डाबर जी** ने अपने सम्बोधन में छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन न केवल छात्रों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने में सहयोगी होते हैं बल्कि उनके अन्दर टीम भावना एवं निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास करते हैं उन्होंने छात्रों को सफल व्यक्ति बनने के गुण सिखाये और कहा कि आज की जरूरत जॉब सीकर की नहीं बल्कि जॉब क्रियेटर की है।

शारदा ग्रुप के मुख्य कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो0 वी0 के0 शर्मा जी ने अपने अभिभाषण में न केवल छात्रों के निस्वार्थ परिश्रम, टीम वर्क, निष्ठा और दृढ संकल्प की प्रशंसा की अपितु कॉलेज के सभी शिक्षकों के सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने कहा की युवाओं की सोच और विचारधारा ही भविष्य में उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अपनी सोच को हम खुद तक सीमित रखते हैं या समाज को भी इसमें शामिल करते हैं ।

इस अवसर पर आनन्द कालेज द्वारा सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थाओं एवं उनके संयोजकों को सम्मानित किया गया सर्वप्रथम श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी के अध्यक्ष श्री सुनील विक्कल जी को उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत असहाय महिलाओं एवं वृद्धजनों की सेवा को समर्पित रामलाल वृद्धाश्रम के अध्यक्ष श्री शिव प्रसाद शर्मा को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री गंगाराम जी, सेवा भारती आगरा के विभागाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र वाष्णेय, कल्याण करोति संस्थान मथुरा के महासचिव डा0 सुनील कुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 विनय कुमार सिंह ने 02 दिवसीय समारोह के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की सेरीब्रम 2019 के अन्तर्गत विभिन्न तकनीकी, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जा रहा है। तकनीकी श्रेणी में पेपर प्रेंजेंटेशन, मॉडल प्रेजेंटेशन, वाद विवाद प्रतियोगिता, जॉब बैटल, कोड रश, क्विजतरों, नेव्तोन ब्रेन, आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएँगी।

इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक एवं मनोरंजन श्रेणी में क्रमश नुक्कड़ नाटक, नृत्य, गायन, काव्यपाठ, फैशन शो, वॉर ऑफ बैंड, मिमिक्री, आदि का आयोजन भी किया जा रहा है।

कार्यक्रम के स्टूडेंट कोआर्डिनेटर कार्तिक छाबरा एवं रिषी पाराशर ने शिक्षकों, छात्रों एवं कॉलेज प्रशासन का आभार प्रकट हुए कहा की सेरीब्रम 2019 निश्चित रूप से आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज की पहचान एवं प्रतिष्ठा में एक नया अध्याय होगा। उन्होंने सेरीब्रम 2019 का पूर्ण श्रेय कॉलेज के विद्यार्थियों को देते हुए कहा की इनकी रात–दिन के परिश्रम से ही संभव हो पाया है।

कार्यक्रम का समापन प्रो. अतुल नारंग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ है । उन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जिनके अथक प्रयासों से सेरीब्रम 2019 का सफल आयोजन हो पाया।

कार्यक्रम में डीन आर्किटेक्चर श्री मुकुल सिंह, डीन फार्मेसी डा0 कश्मीरा गोहिल, डा0 अमित शर्मा, डा0 विनय शर्मा, डा0 कमलेश देशमुख, डा0 अमिताभ पद्मनाभन, डा0 आर0 के0 जैन, डा0 आर0 पी0 सिन्हा, डा0 हिमांशु विजय सहित सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।